जयपुर
महानगर टाइम्स
epaper.mahanagartimes.com
25 Mar 2026 - Page 2

विश्व टीबी दिवस पर 200 मरीजों को मिला निशुल्क पोषण राशन

जयपुर (महानगर टाइम्स संवाददाता)। विश्व टीबी दिवस 2026 के अवसर पर 'यस! वी कैन एंड टीबी' थीम के अंतर्गत प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत नि-क्षय मित्र कार्यक्रम के अंतर्गत मुकुल माधव फाउंडेशन (सीएसआर पार्टनर-फिनोलेक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड) द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापनगर जयपुर (टीबी यूनिट) में टीबी मरीजों को निशुल्क पोषण राशन वितरित किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कुल 200 टीबी मरीजों को पोषण युक्त राशन किट प्रदान की गई। इस पहल का मुख्य उद्देश्य टीबी मरीजों के उपचार के साथ उनके पोषण स्तर को सुदृढ़ करना तथा उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ में सहयोग देना है। कार्यक्रम में डॉ. सुरेश मीणा, डॉ. अवंतिका, डॉ. ज्योति शर्मा, रालपति (जीएनएम), विकास (पीएचएम) एवं विनोद सहित टीबी हेल्थ स्टाफ, आशा कार्यकर्ता एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। इस दौरान दयाराम स्वामी ने बताया कि जयपुर जिले की 4 पंचायतों की टीबी यूनिट्स में 'टीबी मुक्त पंचायत' पहल के अंतर्गत कुल 200 मरीजों को यह सहायता प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रयास टीबी उन्मूलन के राष्ट्रीय लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के अंत में स्वास्थ्य विभाग एवं टीबी यूनिट स्टाफ का आभार व्यक्त किया गया तथा भविष्य में भी ऐसे जनस्वास्थ्य हितैषी कार्यक्रम जारी रखने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई।